i) कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या सरकारी या किसी सरकारी प्राधिकरण द्वारा विलफुल डिफॉल्टर्स के रूप में घोषित नहीं किया गया है।

ii) वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 या कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 के अंतर्गत बंद की गई कंपनियों के साथ कोई महत्वपूर्ण लेनदेन नहीं किया है।

iii) बेनामी संपत्ति का विवरणः बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (1988 का 45) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत कोई भी बेनामी संपत्ति धारण करने के लिए समूह के खिलाफ कोई कार्यवाही प्रारंभ या लंबित नहीं है।

iv) वैधानिक अवधि के बाद कंपनी रजिस्ट्रार के पास अभी तक कोई प्रभार या संतुष्टि दर्ज नहीं की जानी है।

**28.4 Disclosure of transactions with related parties**

INR in Lakhs

| Particulars | Transactions | | Outstanding Amount (Unsecured, Considered Good) | |
|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-25 | 31-Mar-24 | 31-Mar-25 | 31-Mar-24 |
| **1. India Infrastructure Finance Company Limited** | | | | |
| **A. Reimbursements Payable:** | | | | |
| Rent: | 59.01 | 80.95 | 31.79 | 35.12 |
| Pantry, Parking & Office Maintenance | 33.37 | 20.41 | 33.37 | 16.87 |
| Insurance (Provision) | 2.18 | - | 2.18 | - |
| Taxes | 9.03 | - | 1.74 | - |
| **Total** | **103.59** | **101.36** | **69.08** | **51.99** |
| **B. Reimbursements Receivable** | | | | |
| Salary of deputed employees | 62.11 | 60.43 | 70.55 | 60.43 |
| Advisory Fee | 118.50 | 69.43 | 36.87 | 69.43 |
| **Total** | **180.61** | **129.86** | **107.42** | **129.86** |
| | | | | |
| **Net receivable** | | | **38.34** | **77.87** |
| **2. IIFC (UK) Limited** | | | | |
| Advisory Fee | 172.05 | 207.57 | 42.92 | 54.97 |
| Other Reimbursements | | 0.09 | - | 0.01 |
| **Total** | **172.05** | **207.66** | **42.92** | **54.98** |
| **3 Shri Palash Srivastava** | | | | |
| Remuneration | 55.00 | 54.00 | 5.00 | 5.00 |

**Note 29. Additional regulatory information required by Schedule III of Companies Act, 2013**

i) The Company has not been declared as a Wilful Defaulter by any bank or financial institution or government or any government authority.

ii) The Company did not have any material transactions with companies struck off under Section 248 of the Companies Act,2013 or Section 560 of Companies Act, 1956 during the financial year.

iii) Details of Benami property: No proceedings have been initiated or are pending against the Group for holding any Benami property under the Benami Transactions (Prohibition) Act, 1988 (45 of 1988) and the rules made thereunder.

iv) No charges or satisfaction yet to be registered with Registrar of Companies beyond the statutory period.

v) अनुमोदित योजना एवं व्यवस्था का अनुपालनः कंपनी किसी ऐसी व्यवस्था की योजना में शामिल नहीं हुई है जिसके कारण वर्तमान या पूर्व वित्तीय वर्ष पर कोई लेखांकन प्रभाव पड़ा हो।

vi) अघोषित आयः आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कर निर्धारण में वर्तमान या पिछले वर्ष के दौरान आय के रूप में कोई आय सरेंडर या प्रकटित नहीं की गई है जो लेखा बहियों में दर्ज नहीं की गई हो।

vii) क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी का विवरणः कंपनी ने वर्तमान या पिछले वर्ष के दौरान क्रिप्टो करेंसी या वर्चुअल करेंसी में कोई व्यापार या निवेश नहीं किया है।

viii) पीपीएंडई, अमूर्त परिसंपत्ति एवं निवेश संपत्ति का मूल्यांकनः कंपनी ने वर्तमान या पिछले वर्ष के दौरान अपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (परिसंपत्तियों के उपयोग अधिकार सहित) या अमूर्त परिसंपत्तियों को पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

ix) कंपनी ने मांग पर चुकाने योग्य या चुकौती की कोई शर्त या अवधि निर्दिष्ट किए बिना ऋण की प्रकृति में कोई ऋण या अग्रिम नहीं दिया है।

## टिप्पणी 30– डीपीई दिशानिर्देश के अनुसार प्रचालन लाभ/हानि का प्रकटन

28.05.2025 को निदेशक मंडल द्वारा वित्तीय विवरणों को जारी करने के लिए अनुमोदित किया गया था।

कृते **सेहगल मेहता एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म का पंजीकरण सं.: 003330N

हस्ता/–
**सीए विनय कुमार सहगल**
(साझेदार)
सदस्यता सं.: 080517

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28.05.2025

**कृते निदेशक मंडल की ओर से**
आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

हस्ता/–
**संजीव कुमार**
(निदेशक एवं सीईओ)
डीआईएनः 08828758

हस्ता/–
**पी. आर. जयशंकर**
(अध्यक्ष एवं निदेशक)
डीआईएनः 6711526

v) Compliance with approved scheme(s) of arrangements: The Company has not entered into any scheme of arrangement which has an accounting impact on current or previous financial year.

vi) Undisclosed income: There is no income surrendered or disclosed as income during the current or previous year in the tax assessments under the Income Tax Act, 1961, that has not been recorded in the books of account.

vii) Details of crypto currency or virtual currency: The Company has not traded or invested in crypto currency or virtual currency during the current or previous year.

viii) Valuation of PP&E, intangible asset and investment property: The Company has not revalued its property, plant and equipment (including right-of-use assets) or intangible assets or both during the current or previous year.

ix) The Company has not granted any loans or advances in the nature of loans either repayable on demand or without specifying any terms or period of repayment.

## Note 30. Approval of financial statement

The financial statements were approved for issue by the Board of Directors on 28.05.2025

For **Sehgal Mehta & Co.**
Chartered Accountants
Firm's Registration No.: 003330N

Sd/-
**CA Vinay Kumar Sehgal**
(Partner)
Membership No.: 080517

Place: New Delhi
Date: 28.05.2025

**For and on behalf of the Board of Directors**
IIFCL Projects Limited

Sd/-
**Sanjeev Kumar**
(Director & CEO)
DIN: 08828758

Sd/-
**P R Jaishankar**
(Chairman & Director)
DIN: 6711526

# महत्वपूर्ण लेखाकरण नीतियां

## टिप्पणी 1: महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ तथा इंड एएस वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग बनने वाली टिप्पणियाँ

### 1. कॉर्पोरट जानकारी:

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ("कंपनी") एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है, जिसका गठन 14 फरवरी 2012 को भारत में किया गया था तथा इसका अधिवास (डोमिसाइल) भी भारत में है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय 5वीं मंजिल, ब्लॉक 2, प्लेट ए, एनबीसीसी टॉवर, ईस्ट किदवई नगर, दक्षिण–पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली, भारत दृ 110023 में स्थित है। कंपनी, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल), जो भारत सरकार का एक उपक्रम है, की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

आईआईएफसीएल, जो भारत की एक प्रमुख अवसंरचना वित्तपोषण संस्था है, ने कंपनी को एक समर्पित परियोजना परामर्श कंपनी के रूप में प्रोत्साहित किया है। कंपनी परियोजना मूल्यांकन, ऋण समेकन (डेब्ट सिंडिकेशन), लेनदेन परामर्श, क्षमता निर्माण तथा अन्य प्रकार की वित्तीय परामर्श सेवाओं के क्षेत्रों में कार्यरत है।

### 2. प्रमुख एवं अन्य महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार

#### 2.1. अनुपालन का वक्तव्य

कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों का निर्माण भारतीय लेखांकन मानकों (जिन्हें "इंड एएस" कहा जाता है) की आवश्यकताओं के अनुसार किया है, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (समय–समय पर संशोधित) के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। ये वित्तीय विवरण कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 (समय–समय पर संशोधित) के अंतर्गत अधिसूचित इंड एएस, कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा अन्य लागू नियामकीय मानदंडों/दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं।

31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए शाखा कार्यालय के वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल द्वारा 25.07.2025 को अनुमोदित एवं स्वीकृत किया गया। ये वित्तीय विवरण आईएफएससीए की आवश्यकताओं के अनुरूप अमेरिकी डॉलर में तैयार किए गए हैं। लेखांकन नीतियों का अनुप्रयोग निरंतर आधार पर किया गया है, सिवाय उन स्थितियों के जहाँ किसी नवीन लेखांकन मानक को प्रथम बार अपनाया गया हो अथवा किसी विद्यमान लेखांकन मानक में संशोधन के कारण अब तक प्रचलित लेखांकन नीति में परिवर्तन अपेक्षित हुआ हो।

#### 2.2. तैयारी का आधार

इंड एएस वित्तीय विवरणों को चालू संस्था के आधार पर, ऐतिहासिक लागत परंपरा के अंतर्गत तथा उपार्जन आधार पर तैयार किया गया है, सिवाय कुछ वित्तीय साधनों के, जिनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रतिवेदन अवधि के अंत में उचित मूल्य पर किया जाता है, जैसा कि नीचे पैरा 4 में वर्णित लेखांकन नीतियों में स्पष्ट किया गया है। ऐतिहासिक लागत सामान्यतः वस्तुओं या सेवाओं के विनिमय में प्रदत्त प्रतिफल के उचित मूल्य पर आधारित होती है।

#### परिसंपत्तियों एवं देयताओं का चालू तथा गैर–चालू के रूप में वर्गीकरण:

कंपनी तुलन पत्र में परिसंपत्तियों एवं देयताओं को चालू/गैर–चालू वर्गीकरण के आधार पर प्रस्तुत करती है। किसी परिसंपत्ति को चालू माना जाता है, जब वहः

- सामान्य परिचालन चक्र में प्राप्त होने की अपेक्षा हो अथवा उसे बेचे जाने या उपभोग किए जाने का आशय हो;
- मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारण की गई हो;
- रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर प्राप्त होने की अपेक्षा हो; या
- नकद एवं नकद समतुल्य हो, जब तक कि रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम बारह माह तक किसी देयता के निपटान हेतु उसके विनिमय या उपयोग पर कोई प्रतिबंध न हो।

अन्य सभी परिसंपत्तियों को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

किसी देयता को चालू माना जाता है, जबः

- उसके सामान्य परिचालन चक्र में निपटान होने की अपेक्षा हो;
- वह मुख्यतः व्यापार के उद्देश्य से धारित हो;
- उसका निपटान रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात बारह माह के भीतर किया जाना हो; अथवा
- रिपोर्टिंग अवधि के पश्चात कम से कम बारह माह तक देयता के निपटान को स्थगित करने का बिना शर्त अधिकार उपलब्ध न हो। अन्य सभी देयताओं को गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

# SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES

## NOTE 1: SIGNIFICANT ACCOUNTING POLICIES AND NOTES FORMING PART OF IND AS FINANCIAL STATEMENTS

### 1. Corporate Information

IIFCL Projects Limited ("the Company") is a public limited company incorporated and domiciled in India on 14 February 2012. The registered office of the company is at 5th Floor, Block 2, Plate A, NBCC Tower, East Kidwai Nagar, South West Delhi, New Delhi, India, 110023. The company is a wholly owned subsidiary of India Infrastructure Finance Company Limited (IIFCL), a Government of India Enterprise.

IIFCL, a premier infrastructure financing institution in India, has promoted the company as a dedicated project advisory company involved in the areas of Project Appraisal, Debt Syndication, Transaction Advisory, Capacity Building and other forms of Financial Consulting.

### 2. Summary of material and other significant accounting policies

#### 2.1. Statement of Compliance

The Company prepared its Standalone Financial Statements in accordance with the requirements of Indian Accounting Standards (referred to as "Ind AS") notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended). These Standalone Financial Statements comply with Ind AS notified under the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended), applicable provisions of the Companies Act, 2013 and other applicable regulatory norms/guidelines.

The standalone financial statements for the financial year ended 31 March, 2025 were authorized and approved by the Board of Directors on 28.05.2025. The financial statements have been prepared in Indian rupees (Rs.) which is also the functional currency of the company and rounded off to nearest Rs. Lakhs up to two decimal points, except for no. of shares and earnings per share, or stated otherwise. Accounting policies have been consistently applied except where a newly issued accounting standard is initially adopted or a revision to an existing accounting standard requires a change in accounting policy hitherto in use.

#### 2.2. Basis of preparation

The Ind AS financial statements have been prepared on a going concern basis under the historical cost convention on accrual basis except for certain financial instruments which are measured at fair value at the end of each reporting period, as explained in the accounting policies detailed in para 4 below. Historical cost is generally based on the fair value of the consideration given in exchange of goods or services.

**Classification of assets and liabilities as current and non- current:**

The Company presents assets and liabilities in the balance sheet based on current/ non-current classification. An asset is treated as current when it is:

- Expected to be realised or intended to be sold or consumed in normal operating cycle.
- Held primarily for the purpose of trading
- Expected to be realised within twelve months after the reporting period, or
- Cash and cash equivalent unless restricted from being exchanged or used to settle a liability for at least twelve months after the reporting period.

All other assets are classified as non-current.

A liability is treated as current when:

- It is expected to be settled in normal operating cycle.
- It is held primarily for the purpose of trading
- It is due to be settled within twelve months after the reporting period, or
- There is no unconditional right to defer the settlement of the liability for at least twelve months after the reporting period. All other liabilities are classified as non-current.

परिचालन चक्र वह अवधि है जो प्रसंस्करण हेतु परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से लेकर उनके नकद एवं नकद समतुल्य में प्राप्त होने तक के बीच होती है। कंपनी ने अपने परिचालन चक्र के रूप में बारह माह की अवधि निर्धारित की है।

## 2.3. प्रमुख लेखांकन नीतियां

### (क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण, अवमूल्यन की विधियाँ, अनुमानित उपयोगी आयु तथा संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का अवशिष्ट मूल्य

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की सभी मदों को लागत से संचित अवमूल्यन तथा संचित मूल्यह्रास हानि (यदि कोई हो) घटाकर दर्शाया जाता है। संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण पर अवमूल्यन की गणना लिखित अवशिष्ट मूल्य विधि से, प्रबंधन द्वारा अनुमानित उपयोगी आयु के आधार पर की जाती है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–II के अंतर्गत निर्दिष्ट परिसंपत्तियों की उपयोगी आयु के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, अवशिष्ट मूल्य को परिसंपत्तियों की लागत का 5: माना गया है। ₹ 5,000/– तक मूल्य वाली परिसंपत्तियों का अवमूल्यन अधिग्रहण के वर्ष में पूर्णतः कर दिया जाता है। कंपनी द्वारा अपनाई गई उपयोगी आयु निम्नानुसार है:

| परिसंपत्तियों का विवरण | प्रबंधन द्वारा अनुमानित उपयोगी आयु | अनुसूची–प्प के अनुसार उपयोगी आयु |
|---|---|---|
| फर्नीचर एवं फिक्स्चर | 10 | 10 |
| वाहन | 8 | 8 |
| कार्यालय उपकरण | 5 | 5 |
| कंप्यूटर उपकरण | 3 | 3 |

अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी आयु तथा अवमूल्यन की विधि की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है।

### (ख) अमूर्त परिसंपत्तियों के लिए परिशोधन की विधियाँ एवं अवधियाँ

कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर अथवा ब्रांड जैसे अमूर्त परिसंपत्तियों का परिशोधन सीधी रेखा विधि से तीन वर्ष की अवधि में किया जाता है, जो प्रबंधन के अनुसार इन परिसंपत्तियों की आर्थिक उपयोगी आयु को परिलक्षित करता है। सीमित उपयोगी आयु वाली अमूर्त परिसंपत्तियों के लिए परिशोधन अवधि एवं परिशोधन विधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है। सीमित उपयोगी आयु वाली अमूर्त परिसंपत्तियों पर परिशोधन व्यय को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

### (ग) राजस्व की मान्यता

ग्राहकों के साथ किए गए अनुबंधों से प्राप्त राजस्व की मान्यता उस समय की जाती है जब वस्तुओं अथवा सेवाओं पर नियंत्रण ग्राहक को स्थानांतरित हो जाता है, और उस राशि में की जाती है जो उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले कंपनी को प्राप्त होने वाले प्रतिफल को परिलक्षित करती है। राजस्व का मापन उस प्रतिफल के आधार पर किया जाता है, जिसकी प्राप्ति की कंपनी को ग्राहक से अपेक्षा होती है, जिसमें रिटर्न एवं भत्ते, छूट, मात्रा आधारित रियायतें तथा नकद छूट को घटाकर आकलन किया जाता है तथा ग्राहकों से वसूल किए गए एवं संबंधित कर प्राधिकरणों को प्रेषित किए जाने वाले लागू करों को शामिल नहीं किया जाता। राजस्व की मान्यता की राशि एवं समय, राजस्व की प्रकृति, परिमाण, समय–निर्धारण तथा अनिश्चितता का निर्धारण करने हेतु कंपनी इंड एएस–115 में निर्दिष्ट सिद्धांतों का अनुपालन करती है। राजस्व की मान्यता पाँच–चरणीय दृष्टिकोण के माध्यम से की जाती है:

- ग्राहक के साथ अनुबंध/अनुबंधों की पहचान करना;
- अनुबंध में पृथक निष्पादन दायित्वों की पहचान करना;
- लेन–देन मूल्य का निर्धारण करना;
- लेन–देन मूल्य का निष्पादन दायित्वों में आवंटन करना; तथा
- जब कोई निष्पादन दायित्व पूर्ण हो जाए, तब राजस्व की मान्यता करना।

कंपनी निम्नलिखित प्रमुख स्रोतों से राजस्व की मान्यता करती है:

1. **परियोजना परामर्श सेवाएँ:** परामर्श एवं सलाहकारी सेवाओं से प्राप्त राजस्व की मान्यता समय के साथ की जाती है, जैसे–जैसे सेवाएँ प्रदान की जाती हैं, तथा जब यह संभावित हो कि आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और राशि का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सकता है। निष्पादन दायित्व सामान्यतः पूर्णता के चरण के आधार पर संतुष्ट माने जाते हैं, जिसका मापन इनपुट विधियों, जैसे कि कुल अपेक्षित लागत के सापेक्ष हुई लागत के आधार पर किया जाता है।
2. **लेन–देन/रिटेनर शुल्क:** लेन–देन संबंधी परामर्श अनुबंधों अथवा रिटेनर व्यवस्थाओं से प्राप्त राजस्व की मान्यता अनुबंध की शर्तों के अनुसार की जाती है, जो निम्न प्रकार हो सकती है–
    - समय के साथ (निरंतर परामर्श सहायता के लिए); या

The operating cycle is the time between the acquisition of the assets for processing and their realisation in cash and cash equivalents. The Company has identified twelve months as its operating cycle.

**2.3. Material accounting policies**

(a) Property, plant and equipment, depreciation methods, estimated useful lives and residual value for property, plant and equipment

All items of property, plant and equipment are stated at cost less accumulated depreciation and accumulated impairment losses, if any. Depreciation on property, plant and equipment is calculated using written down value (WDV) method based on the useful lives as estimated by the management which is in accordance with the useful life of assets as prescribed under Schedule II of the Companies Act, 2013. Further, residual value is considered as 5% of the cost of the assets. Assets valuing up to INR 5,000/- are fully depreciated in the year of acquisition. The useful lives followed by the company are as follows:

| Description of Assets | Useful life as estimated by the management | Useful life as per Schedule II |
|---|---|---|
| Furniture & Fixtures | 10 | 10 |
| Vehicles | 8 | 8 |
| Office Equipment's | 5 | 5 |
| Computer Equipment's | 3 | 3 |

The residual values, useful lives and method of depreciation are reviewed at the end of each financial year.

**(b) Amortization methods and periods for intangibles**

Intangible assets like computer software or brands which are amortised over a period of three years under straight line method which, as per management, reflects the economic useful life of this asset. The amortization period and the amortization method for an intangible asset with a finite useful life is reviewed at least at the end of each reporting period. The amortization expense on intangible assets with finite lives is recognised in the Statement of Profit and Loss.

**(c) Revenue recognition**

Revenue from contracts with customers is recognized when the control of goods or services is transferred to the customer at an amount that reflects the consideration to which the company expects to be entitled in exchange for those goods or services. Revenue is measured based on the consideration to which the company expects to be entitled from a customer, net of returns and allowances, discounts, volume rebates, and cash discounts and excludes applicable taxes recovered from customers and remitted to the respective taxing authorities. The Company, to determine that how much and when revenue is recognized, what is the nature, amount, timing and uncertainty of revenues etc. uses the principles laid down by the Ind AS 115. Revenue is recognized through a 5-step approach:

- Identify the contract(s) with customer;
- Identify separate performance obligations in the contract;
- Determine the transaction price;
- Allocate the transaction price to the performance obligations; and
- Recognize revenue when a performance obligation is satisfied.

The Company recognizes revenue from the following major sources:

1. **Project Advisory Services:** Revenue from consultancy and advisory services is recognized over time, as the services are rendered, and when it is probable that economic benefits will flow to the company and the amount can be measured reliably. The performance obligations are typically satisfied based on the stage of completion, which is measured using input methods such as costs incurred relative to the total expected costs.
2. **Transaction/Retainer Fees**: Revenue from transaction advisory mandates or retainer arrangements is recognized in accordance with the terms of the contract, either:
    - Over time (for ongoing advisory support), or

- किसी निर्धारित समय–बिंदु पर (किसी उपलब्धि अथवा घटना की प्राप्ति पर)।

3. **ब्याज आय (यदि लागू हो):** ब्याज आय की मान्यता समयानुपातिक आधार पर, प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का उपयोग करते हुए की जाती है।

4. **अन्य आय:** अन्य आय, जैसे कर–वापसी पर प्राप्त ब्याज आय, की मान्यता प्राप्ति के समय की जाती है।

## (घ) वित्तीय साधन

वित्तीय साधन ऐसा कोई भी अनुबंध है, जिसके परिणामस्वरूप एक इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति तथा दूसरी इकाई की वित्तीय देयता अथवा इक्विटी साधन उत्पन्न होता है। वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देयताओं की मान्यता उस समय की जाती है जब कंपनी उस साधन के संविदात्मक प्रावधानों की पक्षकार बन जाती है।

वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देयताओं का प्रारंभिक मापन उचित मूल्य पर किया जाता है। वित्तीय साधनों के अधिग्रहण या निर्गम से सीधे संबद्ध लेन–देन लागत (उन वित्तीय परिसंपत्तियों एवं वित्तीय देयताओं को छोड़कर जिनका मापन लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है) को, प्रारंभिक मान्यता के समय, उपयुक्त रूप से वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य में जोड़ा या उससे घटाया जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयताओं के अधिग्रहण से सीधे संबद्ध लेन–देन लागत को तुरंत लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। तत्पश्चात, वित्तीय साधनों का मापन उस श्रेणी के अनुसार किया जाता है, जिसमें उन्हें वर्गीकृत किया गया है।

### वित्तीय परिसंपत्तियाँ

सभी मान्यता प्राप्त वित्तीय परिसंपत्तियों का पश्चात मापन उनकी समग्रता में या तो प्रभावी ब्याज विधि का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर अथवा उचित मूल्य पर किया जाता है, जो वित्तीय परिसंपत्तियों के वर्गीकरण पर निर्भर करता है।

### वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण

वित्तीय परिसंपत्तियों का वर्गीकरण उनकी प्रकृति एवं उद्देश्य पर निर्भर करता है तथा इसका निर्धारण प्रारंभिक मान्यता के समय किया जाता है।

कंपनी अपनी वित्तीय परिसंपत्तियों को निम्नलिखित मापन श्रेणियों में वर्गीकृत करती है:

- वे, जिनका पश्चात मापन उचित मूल्य पर किया जाना है (या तो अन्य समग्र आय के माध्यम से अथवा लाभ या हानि के माध्यम से); तथा
- वे, जिनका मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है।

यह वर्गीकरण वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन हेतु इकाई के व्यवसाय मॉडल तथा नकद प्रवाह की संविदात्मक शर्तों पर निर्भर करता है।

कोई वित्तीय परिसंपत्ति, यदि निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा करती है, तो उसे परिशोधित लागत पर मापा जाता है, जब तक कि उचित मूल्य विकल्प के अंतर्गत उसे लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापने हेतु नामित न किया गया हो:

- व्यवसाय मॉडल परीक्षण: कंपनी के व्यवसाय मॉडल का उद्देश्य वित्तीय परिसंपत्ति को धारण कर उसके संविदात्मक नकद प्रवाह की वसूली करना है।
- नकद प्रवाह विशेषता परीक्षण: वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकद प्रवाह उत्पन्न करती हैं, जो केवल मूलधन तथा बकाया मूलधन पर ब्याज के भुगतान तक सीमित होते हैं।

कोई वित्तीय परिसंपत्ति, यदि निम्नलिखित दोनों शर्तों को पूरा करती है, तो उसे अन्य समग्र आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापा जाता है, जब तक कि उचित मूल्य विकल्प के अंतर्गत उसे लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापने हेतु नामित न किया गया हो:

- व्यवसाय मॉडल परीक्षण: वित्तीय परिसंपत्ति ऐसे व्यवसाय मॉडल के अंतर्गत धारित है, जिसका उद्देश्य नकद प्रवाह की वसूली तथा वित्तीय परिसंपत्तियों की बिक्री–दोनों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है।
- नकद प्रवाह विशेषता परीक्षण: वित्तीय परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें निर्दिष्ट तिथियों पर ऐसे नकद प्रवाह उत्पन्न करती हैं, जो केवल मूलधन तथा बकाया मूलधन पर ब्याज के भुगतान तक सीमित होते हैं।

अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियों का मापन लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है।

### अन्य इक्विटी साधनों में निवेश

जो इक्विटी साधन व्यापार के उद्देश्य से धारित किए जाते हैं, उनमें निवेश को लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य ('एफवीटीपीएल') पर वर्गीकृत किया जाता है। अन्य सभी इक्विटी साधनों के लिए, कंपनी प्रारंभिक मान्यता के समय, प्रत्येक साधन के आधार पर, अपरिवर्तनीय विकल्प का प्रयोग करते हुए उन्हें या तो अन्य समग्र आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ('एफवीटीओसीआई') अथवा लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य ('एफवीटीपीएल') पर वर्गीकृत करती है। अन्य समग्र आय में प्रदर्शित राशियों को पश्चात लाभ एवं हानि विवरण में अंतरित नहीं किया जाता है। तथापि, कंपनी संचयी लाभ या हानि को

- At a point in time (upon achievement of a milestone or event).

3. **Interest Income** (if applicable): Interest income is recognized on a time proportion basis, using the effective interest rate (EIR) method.
4. **Other Income**: Other income such as interest income on tax refunds are recognized as and when it is received.

**(d) Financial instruments**

A financial instrument is any contract that gives rise to a financial asset of one entity and a financial liability or equity instrument of another entity. Financial assets and financial liabilities are recognized when the Company becomes a party to the contractual provisions of the instrument.

Financial assets and financial liabilities are initially measured at fair value. Transaction costs that are directly attributable to the acquisition or issue of financial instruments (other than financial assets and financial liabilities at fair value through profit or loss) are added to or deducted from the fair value of the financial assets or financial liabilities, as appropriate, on initial recognition. Transaction costs directly attributable to the acquisition of financial assets or financial liabilities at fair value through profit or loss are recognized immediately in the statement of profit or loss. Subsequently, financial instruments are measured according to the category in which they are classified.

**Financial assets**

All recognised financial assets are subsequently measured in their entirety at either amortised cost using the effective interest method or fair value, depending on the classification of the financial assets.

**Classification of financial assets**

Classification of financial assets depends on the nature and purpose of the financial assets and is determined at the time of initial recognition.

The Company classifies its financial assets in the following measurement categories:

- Those to be measured subsequently at fair value (either through other comprehensive income, or through profit or loss), and
- Those measured at amortized cost

The classification depends on the entity's business model for managing the financial assets and the contractual terms of the cash flows.

A financial asset that meets the following two conditions is measured at amortised cost unless the asset is designated at fair value through profit or loss under the fair value option:

- Business model test: The objective of the Company's business model is to hold the financial asset to collect the contractual cash flows.
- Cash flow characteristic test: The contractual term of the financial asset give rise on specified dates to cash flows that are solely payments of principal and interest on the principal amount outstanding.

A financial asset that meets the following two conditions is measured at fair value through other comprehensive income unless the asset is designated at fair value through profit or loss under the fair value option:

- Business model test: The financial asset is held within a business model whose objective is achieved by both collecting cash flows and selling financial assets.
- Cash flow characteristic test: The contractual term of the financial asset gives rise on specified dates to cash flows that are solely payments of principal and interest on the principal amount outstanding.

All other financial assets are measured at fair value through profit or loss.

**Investment in other equity instruments**

Investments in equity instruments which are held for trading are classified as at fair value through profit or loss ('FVTPL'). For all other equity instruments, the Company makes an irrevocable choice upon initial recognition, on an instrument-by-instrument basis, to classify the same either as at fair value through other comprehensive income ('FVTOCI') or fair value through profit or loss ('FVTPL'). Amounts presented in other comprehensive income are not subsequently transferred to the statement of profit or loss. However, the Company transfers the cumulative

इक्विटी के भीतर अंतरित करती है। ऐसे निवेशों पर प्राप्त लाभांश को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, जब तक कि लाभांश स्पष्ट रूप से निवेश की लागत के किसी भाग की वसूली का प्रतिनिधित्व न करता हो।

**वित्तीय देयताएँ एवं इक्विटी साधन**

**ऋण अथवा इक्विटी का वर्गीकरण**

कंपनी द्वारा जारी किए गए ऋण अथवा इक्विटी साधनों का वर्गीकरण संविदात्मक व्यवस्थाओं की वास्तविक प्रकृति तथा वित्तीय देयता एवं इक्विटी साधन की परिभाषाओं के अनुरूप, या तो वित्तीय देयताओं के रूप में अथवा इक्विटी के रूप में किया जाता है।

**इक्विटी साधन**

इक्विटी साधन ऐसा कोई भी अनुबंध है, जो किसी इकाई की सभी देयताओं को घटाने के पश्चात उसकी परिसंपत्तियों में अवशिष्ट ब्याज को प्रदर्शित करता है। कंपनी द्वारा जारी इक्विटी साधनों की मान्यता प्रत्यक्ष निर्गम व्ययों को घटाकर प्राप्त आय के आधार पर की जाती है।

**वित्तीय देयताएँ**

सभी वित्तीय देयताओं का पश्चात मापन प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग करते हुए परिशोधित लागत पर अथवा लाभ एवं हानि विवरण के माध्यम से उचित मूल्य पर किया जाता है।

**व्यापार एवं अन्य देय**

व्यापार एवं अन्य देय उन वस्तुओं या सेवाओं के लिए देय दायित्वों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व कंपनी को प्रदान की गई हों, परंतु जिनका भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

**उधार**

उधारों की प्रारंभिक मान्यता उचित मूल्य पर हुए लेन–देन व्ययों को घटाकर की जाती है। तत्पश्चात उधारों का मापन परिशोधित लागत पर किया जाता है। प्राप्ति राशि (लेन–देन व्ययों को घटाकर) और विमोचन राशि के बीच किसी भी अंतर को उधार की अवधि के दौरान प्रभावी ब्याज दर विधि का उपयोग करते हुए लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

जब अनुबंध में निर्दिष्ट दायित्व का निर्वहन, निरस्तीकरण या समाप्ति हो जाती है, तब उधारों को तुलन पत्र से हटा दिया जाता है।

किसी समाप्त की गई वित्तीय देयता अथवा किसी अन्य पक्ष को अंतरण की गई वित्तीय देयता की वहन राशि और चुकाए गए प्रतिफल, जिसमें अंतरणित गैर–नकद परिसंपत्तियाँ या स्वीकृत देयताएँ भी शामिल हैं, के बीच का अंतर लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता किया जाता है।

वित्तीय देयताओं की अपमान्यता

कंपनी वित्तीय देयताओं को अपमान्य तभी करती है, जब और केवल जब कंपनी के दायित्वों का निर्वहन हो जाता है, उन्हें निरस्त कर दिया जाता है अथवा उनकी अवधि समाप्त हो जाती है।

## (ङ) वित्तीय परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास

कंपनी निम्नलिखित पर अपेक्षित ऋण हानि मॉडल के आधार पर मूल्यह्रास का आकलन करती है:

- परिशोधित लागत पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्तियाँ; तथा
- अन्य समग्र आय के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी जाने वाली वित्तीय परिसंपत्तियाँ।

ईसीएल वह भारित औसत अंतर है, जो अनुबंध के अनुसार कंपनी को देय सभी संविदात्मक नकद प्रवाह तथा कंपनी द्वारा अपेक्षित सभी नकद प्रवाहों के बीच होता है, जिसे मूल प्रभावी ब्याज दर पर छूटित किया जाता है, और जिसमें चूक के संभावित जोखिमों को भार के रूप में सम्मिलित किया जाता है। अपेक्षित ऋण हानियों का मापन हानि भत्ता के माध्यम से निम्नलिखित के बराबर राशि पर किया जाता है:

- बारह माह की अपेक्षित ऋण हानियाँ (वे अपेक्षित ऋण हानियाँ, जो रिपोर्टिंग तिथि के पश्चात बारह माह के भीतर वित्तीय साधनों पर संभावित चूक घटनाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न हो सकती हैं); अथवा
- पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियाँ (वे अपेक्षित ऋण हानियाँ, जो वित्तीय साधन के जीवनकाल के दौरान सभी संभावित चूक घटनाओं से उत्पन्न हो सकती हैं)।

gain or loss within equity. Dividends on such investments are recognized in the statement of profit or loss unless the dividend clearly represents a recovery of part of the cost of the investment.

**Financial liabilities and equity instruments**

**Classification of debt or equity**

Debt or equity instruments issued by the Company are classified as either financial liabilities or as equity in accordance with the substance of the contractual arrangements and the definitions of a financial liability and an equity instrument.

**Equity instruments**

An equity instrument is any contract that evidences a residual interest in the assets of an entity after deducting all of its liabilities. Equity instruments issued by the Company are recognised at the proceeds received, net of direct issue costs.

**Financial liabilities**

All financial liabilities are subsequently measured at amortized cost using the effective interest rate method or at fair value through statement of profit & loss.

**Trade and other payables**

Trade and other payables represent liabilities for goods or services provided to the Company prior to the end of financial year which are unpaid.

**Borrowings**

Borrowings are initially recognised at fair value, net of transaction costs incurred. Borrowings are subsequently measured at amortised cost. Any difference between the proceeds (net of transaction costs) and the redemption amount is recognised in Statement of Profit and Loss over the period of the borrowings using the effective interest rate method.

Borrowings are removed from the balance sheet when the obligation specified in the contract is discharged, cancelled or expired.

The difference between the carrying amount of a financial liability that has been extinguished or transferred to another party and the consideration paid, including any non-cash assets transferred or liabilities assumed, is recognised in Statement of Profit & Loss.

Derecognition of financial liabilities

The Company derecognizes financial liabilities when, and only when, the Company's obligations are discharged, cancelled or have expired.

**(e) Impairment of Financial Assets**

The Company assesses impairment based on expected credit losses (ECL) model to the following:

- Financial assets measured at amortized cost.
- Financial assets measured at fair value through other comprehensive income.

ECL is the weighted-average of difference between all contractual cash flows that are due to the Company in accordance with the contract and all the cash flows that the Company expects to receive, discounted at the original effective interest rate, with the respective risks of default occurring as the weights. Expected credit losses are measured through a loss allowance at an amount equal to:

- The twelve month expected credit losses (expected credit losses that result from those default events on the financial instruments that are possible within twelve months after the reporting date); or
- Full life-time expected credit losses (expected credit losses that result from all possible default events over the life of the financial instrument).

### व्यापार प्राप्तियाँ

व्यापार प्राप्तियों के संबंध में कंपनी इंड एएस 109 "वित्तीय साधन" के सरलीकृत दृष्टिकोण का उपयोग करती है, जिसके अनुसार हानि भत्ता का मापन पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है। पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियाँ वे अपेक्षित ऋण हानियाँ हैं, जो किसी वित्तीय साधन के अपेक्षित जीवनकाल के दौरान सभी संभावित चूक घटनाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती हैं।

### अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ

अपनी अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में कंपनी यह आकलन करती है कि क्या प्रारंभिक मान्यता के बाद से उन परिसंपत्तियों पर ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यदि प्रारंभिक मान्यता के बाद ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, तो कंपनी हानि भत्ता का मापन 12 माह की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर करती है; अन्यथा, हानि भत्ता का मापन पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है।

इस आकलन को करते समय कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति के अपेक्षित जीवनकाल के दौरान चूक होने के जोखिम में हुए परिवर्तन का उपयोग करती है। इस हेतु कंपनी तुलन पत्र तिथि पर वित्तीय परिसंपत्ति पर चूक के जोखिम की तुलना प्रारंभिक मान्यता की तिथि पर विद्यमान चूक जोखिम से करती है तथा ऐसी युक्तिसंगत एवं समर्थनीय सूचनाओं पर विचार करती है, जो बिना अत्यधिक लागत या प्रयास के उपलब्ध हों और जो प्रारंभिक मान्यता के बाद से ऋण जोखिम में हुई उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत देती हों। यदि तुलन पत्र तिथि पर किसी वित्तीय परिसंपत्ति को निम्न ऋण जोखिम वाला निर्धारित किया जाता है, तो कंपनी यह मान लेती है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद से उस वित्तीय परिसंपत्ति पर ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है।

### वित्तीय परिसंपत्तियों का अमान्यीकरण

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की अपमान्यता केवल निम्न स्थितियों में की जाती है:

- जब कंपनी ने वित्तीय परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों का हस्तांतरण कर दिया हो; अथवा
- कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के संविदात्मक अधिकार अपने पास रखती हो, परंतु उन नकद प्रवाहों को एक या अधिक प्राप्तकर्ताओं को भुगतान करने का संविदात्मक दायित्व स्वीकार कर लेती हो।

## (च) उचित मूल्य का मापन

कंपनी वित्तीय साधनों का मापन उचित मूल्य पर करती है, जो वह मूल्य है जो मापन तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक सुव्यवस्थित लेन–देन में किसी परिसंपत्ति की बिक्री से प्राप्त किया जा सकता है या किसी देयता के अंतरण हेतु अदा किया जाना अपेक्षित होता है। उचित मूल्य का मापन इस धारणा पर आधारित होता है कि परिसंपत्ति की बिक्री या देयता का अंतरण निम्न में से किसी एक बाजार में होता है:

- परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रधान बाजार में; अथवा
- यदि प्रधान बाजार उपलब्ध न हो, तो परिसंपत्ति या देयता के लिए सर्वाधिक लाभप्रद बाजार में।

जिन सभी परिसंपत्तियों एवं देयताओं के लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य का मापन या प्रकटीकरण किया जाता है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है, जो निम्नानुसार है। यह वर्गीकरण उस न्यूनतम स्तर के इनपुट पर आधारित होता है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण हो:

स्तर 1 – समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (बिना समायोजन) बाजार मूल्य

स्तर 2 – ऐसी मूल्यांकन तकनीकें, जिनमें उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रेक्षणीय होता है; और

स्तर 3 – ऐसी मूल्यांकन तकनीकें, जिनमें उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट अप्रेक्षणीय होता है।

कंपनी ऐसी मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करती है जो परिस्थितियों के अनुरूप हों तथा जिनके लिए उचित मूल्य के मापन हेतु पर्याप्त आँकड़े उपलब्ध हों। इस प्रक्रिया में प्रासंगिक प्रेक्षणीय इनपुट के उपयोग को अधिकतम तथा अप्रेक्षणीय इनपुट के उपयोग को न्यूनतम रखा जाता है। जिन परिसंपत्तियों एवं देयताओं की तुलन पत्र में आवर्ती आधार पर मान्यता दी जाती है, उनके लिए कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में यह पुनर्मूल्यांकन करती है कि क्या पदानुक्रम के विभिन्न स्तरों के बीच कोई अंतरण हुआ है या नहीं। यह पुनर्वर्गीकरण उस न्यूनतम स्तर के इनपुट के आधार पर किया जाता है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण हो।

उचित मूल्य के प्रकटीकरण के उद्देश्य से, कंपनी ने परिसंपत्तियों एवं देयताओं के वर्ग उनकी प्रकृति, विशेषताओं एवं जोखिमों तथा ऊपर वर्णित उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर निर्धारित किए हैं।

**Trade receivables**

In respect of trade receivables, the Company applies the simplified approach of Ind AS 109 'Financial Instruments', which requires measurement of loss allowance at an amount equal to lifetime expected credit losses. Lifetime expected credit losses are the expected credit losses that result from all possible default events over the expected life of a financial instrument.

**Other financial assets**

In respect of its other financial assets, the Company assesses if the credit risk on those financial assets has increased significantly since initial recognition. If the credit risk has not increased significantly since initial recognition, the Company measures the loss allowance at an amount equal to 12-month expected credit losses, else at an amount equal to the lifetime expected credit losses.

When making this assessment, the Company uses the change in the risk of a default occurring over the expected life of the financial asset. To make that assessment, the Company compares the risk of a default occurring on the financial asset as at the balance sheet date with the risk of a default occurring on the financial asset as at the date of initial recognition and considers reasonable and supportable information, that is available without undue cost or effort, that is indicative of significant increases in credit risk since initial recognition. The Company assumes that the credit risk on a financial asset has not increased significantly since initial recognition if the financial asset is determined to have low credit risk at the balance sheet date.

**Derecognition of financial assets**

A financial asset is derecognized only when:

- The Company has transferred the rights to receive cash flows from the financial asset; or
- Retains the contractual rights to receive the cash flows of the financial asset, but assumes a contractual obligation to pay the cash flows to one or more recipients.

**(f) Fair Value Measurement**

The Company measures financial instruments at fair value which is the price that would be received to sell an asset or paid to transfer a liability in an orderly transaction between market participants at the measurement date. The fair value measurement is based on the presumption that the transaction to sell the asset or transfer the liability takes place either.

- in the principal market for the asset or liability, or
- in the absence of a principal market, in the most advantageous market for the asset or liability.

All assets and liabilities for which fair value is measured or disclosed in the financial statements are categorized within the fair value hierarchy, described as follows, based on the lowest level input that is significant to the fair value measurement as a whole:

Level 1 - Quoted (unadjusted) market prices in active markets for identical assets or liabilities

Level 2 Valuation techniques for which the lowest level input that is significant to the fair value measurement is directly or indirectly observable; and

Level 3 Valuation techniques for which the lowest level input that is significant to the fair value measurement is unobservable.

The Company uses valuation techniques that are appropriate in the circumstances and for which sufficient data are available to measure fair value, maximizing the use of relevant observable inputs and minimizing the use of unobservable inputs. For assets and liabilities that are recognized in the balance sheet on a recurring basis, the Company determines whether transfers have occurred between levels in the hierarchy by re-assessing categorization (based on the lowest level input that is significant to the fair value measurement as a whole) at the end of each reporting period.

For the purpose of fair value disclosures, the Company has determined classes of assets and liabilities on the basis of the nature, characteristics and risks of the asset or liability and the level of the fair value hierarchy as explained above.

**अन्य महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ**

**(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण**

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की लागत में क्रय मूल्य (छूट एवं रियायतों को घटाकर), कर एवं शुल्क, भाड़ा तथा परिसंपत्ति को उसके अभिप्रेत उपयोग हेतु कार्यशील अवस्था में लाने के लिए सीधे तौर पर संबद्ध अन्य आकस्मिक व्यय शामिल होते हैं। किसी परिसंपत्ति के उपयोग के पश्चात उसके निष्क्रियकरण से संबंधित अपेक्षित व्यय के वर्तमान मूल्य को भी संबंधित परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है, बशर्ते कि प्रावधान की मान्यता हेतु निर्धारित मानदंड पूर्ण होते हों।

पश्चात व्ययों को परिसंपत्ति की वहन राशि में सम्मिलित किया जाता है या उपयुक्त होने पर पृथक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है, केवल तब जब यह संभावित हो कि संबंधित मद से जुड़े भावी आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और उस मद की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सके। पृथक परिसंपत्ति के रूप में लेखांकित किसी घटक की वहन राशि को उसके प्रतिस्थापन के समय अपमान्य कर दिया जाता है। अन्य सभी मरम्मत एवं रखरखाव व्ययों को उस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, जिसमें वे व्ययित होते हैं, लाभ एवं हानि विवरण में अभिलिखित किया जाता है।

**संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का निपटान**

परिसंपत्तियों के अपमान्यता से उत्पन्न लाभ या हानि का निर्धारण शुद्ध निपटान प्राप्तियों और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है। ऐसे लाभ या हानि को परिसंपत्ति के अपमान्य किए जाने के समय लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(ख) अमूर्त परिसंपत्तियाँ**

पृथक रूप से अर्जित अमूर्त परिसंपत्तियों का प्रारंभिक मान्यता पर मापन लागत पर किया जाता है, जिसमें से संचित परिशोधन तथा संचित मूल्यह्रास हानि, यदि कोई हो, घटाई जाती है। लागत में क्रय मूल्य (छूट एवं रियायतों को घटाकर), कर एवं शुल्क तथा परिसंपत्ति को उसके अभिप्रेत उपयोग हेतु कार्यशील अवस्था में लाने से संबंधित सभी प्रत्यक्ष व्यय शामिल होते हैं। आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त परिसंपत्तियाँ, पूंजीकृत विकास व्यय को छोड़कर, पूंजीकृत नहीं की जातीं और उनसे संबंधित व्यय को उस अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है, जिसमें वह व्यय किया जाता है।

**अपमान्यता**

अमूर्त परिसंपत्तियों के निपटान से उत्पन्न लाभ या हानि का मापन निवल निपटान प्राप्तियों और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है तथा परिसंपत्ति के निपटान के समय इन्हें लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(ग) कर्मचारी हितलाभ**

कर्मचारियों को प्रदत्त कर्मचारी हितलाभों के संबंध में देयताओं के लिए प्रावधान निम्नानुसार किया जाता है:

**अल्पकालिक दायित्व**

- वेतन एवं मजदूरी, अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) सहित ऐसे गैर–नकद लाभों से संबंधित देयताएँ, जिनका निपटान उस अवधि के अंत के पश्चात 12 माह के भीतर पूर्णतः किए जाने की अपेक्षा होती है जिसमें कर्मचारियों ने संबंधित सेवाएँ प्रदान की हैं, रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवाओं के संबंध में मान्यता दी जाती हैं तथा उनका मापन उस अनुमानित राशि पर किया जाता है, जो देयताओं के निपटान के समय व्ययित होने की अपेक्षा है। इन देयताओं को स्टैंडअलोन तुलन पत्र में चालू कर्मचारी बकाया देय के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।
- कंपनी ने प्रतिपूरित अवकाश के संबंध में ऐसी नीति अपनाई है, जो संचयी तथा गैर–संचयी दोनों प्रकार की है। संचयी प्रतिपूरित अवकाश की अपेक्षित लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर एक स्वतंत्र अंकेक्षक द्वारा प्रक्षेपित इकाई ऋण पद्धति के आधार पर किए गए बीमांकिक मूल्यांकन से किया जाता है, जो तुलन पत्र तिथि तक संचित अप्रयुक्त अधिकारों के कारण अपेक्षित अतिरिक्त भुगतान/उपयोग की राशि पर आधारित होता है। गैर–संचयी प्रतिपूरित अवकाश पर होने वाला व्यय उस अवधि में मान्यता किया जाता है, जिसमें ऐसे अवकाश घटित होते हैं।
- अन्य अल्पकालिक हितलाभों के संबंध में व्यय की मान्यता उस अवधि के लिए देय या भुगतान की गई राशि के आधार पर की जाती है, जिसके दौरान कर्मचारी द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

**अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी हितलाभ दायित्व**

अवकाश नकदीकरण तथा प्रतिपूरित अवकाश से संबंधित वे देयताएँ, जिनका निपटान उस अवधि के अंत के पश्चात कंपनी के परिचालन चक्र के भीतर पूर्णतः होने की अपेक्षा नहीं है जिसमें कर्मचारियों ने संबंधित सेवाएँ प्रदान की हैं, उनका मापन प्रक्षेपित इकाई ऋण पद्धति का उपयोग करते हुए अपेक्षित भावी नकद बहिर्वाह के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है। इन लाभों को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में सरकारी बांडों की उस बाजार प्रतिफल दर का उपयोग करते हुए छूटित किया जाता है, जिनकी अवधि संबंधित दायित्व की अवधि के लगभग समकक्ष होती है। अनुभव समायोजनों तथा बीमांकिक मान्यताओं में परिवर्तन के परिणामस्वरूप होने वाले पुनर्मापन को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**Other significant accounting policiesProperty plant and equipment**

The cost of property, plant and equipment comprises of purchase price (net of rebates and discounts), taxes, duties, freight and any other incidental expenses directly attributable for bringing the asset to its working condition for it's intended use. The present value of the expected cost for the decommissioning of an asset after its use is included in the cost of the respective asset if the recognition criteria for a provision are met.

Subsequent costs are included in the asset's carrying amount or recognised as a separate asset, as appropriate, only when it is probable that future economic benefits associated with the item will flow to the company and the cost of the item can be measured reliably. The carrying amount of any component accounted for, as a separate asset is derecognized when replaced. All other repairs and maintenance are charged to Statement of Profit & Loss during the reporting period in which they are incurred.

**Disposal of property, plant and equipment**

- पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियाँ (वे अपेक्षित ऋण हानियाँ, जो वित्तीय साधन के जीवनकाल के दौरान सभी संभावित चूक घटनाओं से उत्पन्न हो सकती हैं)।

**व्यापार प्राप्तियाँ**

व्यापार प्राप्तियों के संबंध में कंपनी इंड एएस 109 "वित्तीय साधन" के सरलीकृत दृष्टिकोण का उपयोग करती है, जिसके अनुसार हानि भत्ता का मापन पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है। पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियाँ वे अपेक्षित ऋण हानियाँ हैं, जो किसी वित्तीय साधन के अपेक्षित जीवनकाल के दौरान सभी संभावित चूक घटनाओं के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती हैं।

**अन्य वित्तीय परिसंपत्तियाँ**

अपनी अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में कंपनी यह आकलन करती है कि क्या प्रारंभिक मान्यता के बाद से उन परिसंपत्तियों पर ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यदि प्रारंभिक मान्यता के बाद ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, तो कंपनी हानि भत्ता का मापन 12 माह की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर करती है; अन्यथा, हानि भत्ता का मापन पूर्ण जीवनकाल की अपेक्षित ऋण हानियों के बराबर राशि पर किया जाता है।

इस आकलन को करते समय कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति के अपेक्षित जीवनकाल के दौरान चूक होने के जोखिम में हुए परिवर्तन का उपयोग करती है। इस हेतु कंपनी तुलन पत्र तिथि पर वित्तीय परिसंपत्ति पर चूक के जोखिम की तुलना प्रारंभिक मान्यता की तिथि पर विद्यमान चूक जोखिम से करती है तथा ऐसी युक्तिसंगत एवं समर्थनीय सूचनाओं पर विचार करती है, जो बिना अत्यधिक लागत या प्रयास के उपलब्ध हों और जो प्रारंभिक मान्यता के बाद से ऋण जोखिम में हुई उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत देती हों। यदि तुलन पत्र तिथि पर किसी वित्तीय परिसंपत्ति को निम्न ऋण जोखिम वाला निर्धारित किया जाता है, तो कंपनी यह मान लेती है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद से उस वित्तीय परिसंपत्ति पर ऋण जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है।

**Financial liabilities**

All financial liabilities are subsequently measured at amortized cost using the effective interest rate method or at fair value through statement of profit & loss.

Trade and other payables

Trade and other payables represent liabilities for goods or services provided to the Company prior to the end of financial year which are unpaid.

**Borrowings**

Borrowings are initially recognised at fair value, net of transaction costs incurred. Borrowings are subsequently measured at amortised cost. Any difference between the proceeds (net of transaction costs) and the redemption amount is recognised in Statement of Profit and Loss over the period of the borrowings using the effective interest rate method.

Borrowings are removed from the balance sheet when the obligation specified in the contract is discharged, cancelled or expired.

The difference between the carrying amount of a financial liability that has been extinguished or transferred to another party and the consideration paid, including any non-cash assets transferred or liabilities assumed, is recognised in Statement of Profit & Loss.

Derecognition of financial liabilities

The Company derecognizes financial liabilities when, and only when, the Company's obligations are discharged, cancelled or have expired.

**(e) Impairment of Financial Assets**

The Company assesses impairment based on expected credit losses (ECL) model to the following:

- Financial assets measured at amortized cost.
- Financial assets measured at fair value through other comprehensive income.

ECL is the weighted-average of difference between all contractual cash flows that are due to the Company in accordance with the contract and all the cash flows that the Company expects to receive, discounted at the original effective interest rate, with the respective risks of default occurring as the weights. Expected credit losses are measured through a loss allowance at an amount equal to:

- The twelve month expected credit losses (expected credit losses that result from those default events on the financial instruments that are possible within twelve months after the reporting date); or
- Full life-time expected credit losses (expected credit losses that result from all possible default events over the life of the financial instrument).

**Trade receivables**

In respect of trade receivables, the Company applies the simplified approach of Ind AS 109 'Financial Instruments', which requires measurement of loss allowance at an amount equal to lifetime expected credit losses. Lifetime expected credit losses are the expected credit losses that result from all possible default events over the expected life of a financial instrument.

**Other financial assets**

In respect of its other financial assets, the Company assesses if the credit risk on those financial assets has increased significantly since initial recognition. If the credit risk has not increased significantly since initial recognition, the Company measures the loss allowance at an amount equal to 12-month expected credit losses, else at an amount equal to the lifetime expected credit losses.

When making this assessment, the Company uses the change in the risk of a default occurring over the expected life of the financial asset. To make that assessment, the Company compares the risk of a default occurring on the financial asset as at the balance sheet date with the risk of a default occurring on the financial asset as at the date of initial recognition and considers reasonable and supportable information, that is available without undue cost or effort, that is indicative of significant increases in credit risk since initial recognition. The Company assumes that the credit risk on a financial asset has not increased significantly since initial recognition if the financial asset is determined to have low credit risk at the balance sheet date.

**वित्तीय परिसंपत्तियों का अमान्यीकरण**

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की अपमान्यता केवल निम्न स्थितियों में की जाती है:

- जब कंपनी ने वित्तीय परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के अधिकारों का हस्तांतरण कर दिया हो; अथवा
- कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति से नकद प्रवाह प्राप्त करने के संविदात्मक अधिकार अपने पास रखती हो, परंतु उन नकद प्रवाहों को एक या अधिक प्राप्तकर्ताओं को भुगतान करने का संविदात्मक दायित्व स्वीकार कर लेती हो।

**(च) उचित मूल्य का मापन**

कंपनी वित्तीय साधनों का मापन उचित मूल्य पर करती है, जो वह मूल्य है जो मापन तिथि पर बाजार सहभागियों के बीच एक सुव्यवस्थित लेन–देन में किसी परिसंपत्ति की बिक्री से प्राप्त किया जा सकता है या किसी देयता के अंतरण हेतु अदा किया जाना अपेक्षित होता है। उचित मूल्य का मापन इस धारणा पर आधारित होता है कि परिसंपत्ति की बिक्री या देयता का अंतरण निम्न में से किसी एक बाजार में होता है:

- परिसंपत्ति या देयता के लिए प्रधान बाजार में; अथवा
- यदि प्रधान बाजार उपलब्ध न हो, तो परिसंपत्ति या देयता के लिए सर्वाधिक लाभप्रद बाजार में।

जिन सभी परिसंपत्तियों एवं देयताओं के लिए वित्तीय विवरणों में उचित मूल्य का मापन या प्रकटीकरण किया जाता है, उन्हें उचित मूल्य पदानुक्रम के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है, जो निम्नानुसार है। यह वर्गीकरण उस न्यूनतम स्तर के इनपुट पर आधारित होता है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण हो:

स्तर 1 – समान परिसंपत्तियों या देयताओं के लिए सक्रिय बाजारों में उद्धृत (बिना समायोजन) बाजार मूल्य

स्तर 2 – ऐसी मूल्यांकन तकनीकें, जिनमें उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रेक्षणीय होता है; और

स्तर 3 – ऐसी मूल्यांकन तकनीकें, जिनमें उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण न्यूनतम स्तर का इनपुट अप्रेक्षणीय होता है।

कंपनी ऐसी मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करती है जो परिस्थितियों के अनुरूप हों तथा जिनके लिए उचित मूल्य के मापन हेतु पर्याप्त आँकड़े उपलब्ध हों। इस प्रक्रिया में प्रासंगिक प्रेक्षणीय इनपुट के उपयोग को अधिकतम तथा अप्रेक्षणीय इनपुट के उपयोग को न्यूनतम रखा जाता है। जिन परिसंपत्तियों एवं देयताओं की तुलन पत्र में आवर्ती आधार पर मान्यता दी जाती है, उनके लिए कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में यह पुनर्मूल्यांकन करती है कि क्या पदानुक्रम के विभिन्न स्तरों के बीच कोई अंतरण हुआ है या नहीं। यह पुनर्वर्गीकरण उस न्यूनतम स्तर के इनपुट के आधार पर किया जाता है, जो समग्र रूप से उचित मूल्य के मापन के लिए महत्त्वपूर्ण हो।

उचित मूल्य के प्रकटीकरण के उद्देश्य से, कंपनी ने परिसंपत्तियों एवं देयताओं के वर्ग उनकी प्रकृति, विशेषताओं एवं जोखिमों तथा ऊपर वर्णित उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर के आधार पर निर्धारित किए हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ**

**(क) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण**

संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण की लागत में क्रय मूल्य (छूट एवं रियायतों को घटाकर), कर एवं शुल्क, भाड़ा तथा परिसंपत्ति को उसके अभिप्रेत उपयोग हेतु कार्यशील अवस्था में लाने के लिए सीधे तौर पर संबद्ध अन्य आकस्मिक व्यय शामिल होते हैं। किसी परिसंपत्ति के उपयोग के पश्चात उसके निष्क्रियकरण से संबंधित अपेक्षित व्यय के वर्तमान मूल्य को भी संबंधित परिसंपत्ति की लागत में शामिल किया जाता है, बशर्ते कि प्रावधान की मान्यता हेतु निर्धारित मानदंड पूर्ण होते हों।

पश्चात व्ययों को परिसंपत्ति की वहन राशि में सम्मिलित किया जाता है या उपयुक्त होने पर पृथक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है, केवल तब जब यह संभावित हो कि संबंधित मद से जुड़े भावी आर्थिक लाभ कंपनी को प्राप्त होंगे और उस मद की लागत का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सके। पृथक परिसंपत्ति के रूप में लेखांकित किसी घटक की वहन राशि को उसके प्रतिस्थापन के समय अपमान्य कर दिया जाता है। अन्य सभी मरम्मत एवं रखरखाव व्ययों को उस रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, जिसमें वे व्ययित होते हैं, लाभ एवं हानि विवरण में अभिलिखित किया जाता है।

**संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का निपटान**

परिसंपत्तियों के अपमान्यता से उत्पन्न लाभ या हानि का निर्धारण शुद्ध निपटान प्राप्तियों और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है। ऐसे लाभ या हानि को परिसंपत्ति के अपमान्य किए जाने के समय लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(ख) अमूर्त परिसंपत्तियाँ**

पृथक रूप से अर्जित अमूर्त परिसंपत्तियों का प्रारंभिक मान्यता पर मापन लागत पर किया जाता है, जिसमें से संचित परिशोधन तथा संचित मूल्यह्रास हानि, यदि कोई हो, घटाई जाती है। लागत में क्रय मूल्य (छूट एवं रियायतों को घटाकर), कर एवं शुल्क तथा परिसंपत्ति को उसके अभिप्रेत उपयोग हेतु कार्यशील अवस्था में लाने से संबंधित सभी प्रत्यक्ष व्यय शामिल होते हैं। आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त परिसंपत्तियाँ, पूंजीकृत विकास व्यय को छोड़कर, पूंजीकृत नहीं की जातीं और उनसे संबंधित व्यय को उस अवधि में लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है, जिसमें वह व्यय किया जाता है।

**Derecognition of financial assets**

A financial asset is derecognized only when:

- The Company has transferred the rights to receive cash flows from the financial asset; or
- Retains the contractual rights to receive the cash flows of the financial asset, but assumes a contractual obligation to pay the cash flows to one or more recipients.

**(f) Fair Value Measurement**

The Company measures financial instruments at fair value which is the price that would be received to sell an asset or paid to transfer a liability in an orderly transaction between market participants at the measurement date. The fair value measurement is based on the presumption that the transaction to sell the asset or transfer the liability takes place either.

- in the principal market for the asset or liability, or
- in the absence of a principal market, in the most advantageous market for the asset or liability.

All assets and liabilities for which fair value is measured or disclosed in the financial statements are categorized within the fair value hierarchy, described as follows, based on the lowest level input that is significant to the fair value measurement as a whole:

Level 1 - Quoted (unadjusted) market prices in active markets for identical assets or liabilities

Level 2 Valuation techniques for which the lowest level input that is significant to the fair value measurement is directly or indirectly observable; and

Level 3 Valuation techniques for which the lowest level input that is significant to the fair value measurement is unobservable.

The Company uses valuation techniques that are appropriate in the circumstances and for which sufficient data are available to measure fair value, maximizing the use of relevant observable inputs and minimizing the use of unobservable inputs. For assets and liabilities that are recognized in the balance sheet on a recurring basis, the Company determines whether transfers have occurred between levels in the hierarchy by re-assessing categorization (based on the lowest level input that is significant to the fair value measurement as a whole) at the end of each reporting period.

For the purpose of fair value disclosures, the Company has determined classes of assets and liabilities on the basis of the nature, characteristics and risks of the asset or liability and the level of the fair value hierarchy as explained above.

**Other significant accounting policiesProperty plant and equipment**

The cost of property, plant and equipment comprises of purchase price (net of rebates and discounts), taxes, duties, freight and any other incidental expenses directly attributable for bringing the asset to its working condition for it's intended use. The present value of the expected cost for the decommissioning of an asset after its use is included in the cost of the respective asset if the recognition criteria for a provision are met.

Subsequent costs are included in the asset's carrying amount or recognised as a separate asset, as appropriate, only when it is probable that future economic benefits associated with the item will flow to the company and the cost of the item can be measured reliably. The carrying amount of any component accounted for, as a separate asset is derecognized when replaced. All other repairs and maintenance are charged to Statement of Profit & Loss during the reporting period in which they are incurred.

**Disposal of property, plant and equipment**

Gains or losses arising from the de-recognition of assets are determined as the difference between the net disposal proceeds and the carrying amount of the asset. Such gains or losses are recognized in the Statement of Profit and Loss at the time the asset is de-recognized.

**(b) Intangibles**

Intangible assets acquired separately are measured on initial recognition at cost less accumulated amortization and accumulated impairment losses, if any. Cost comprises the purchase price (net of rebates and discounts), taxes, duties and any attributable cost of bringing the asset to its working condition for its intended use. Internally generated intangibles, excluding capitalised development cost, are not capitalised and the related expenditure is reflected in Statement of Profit and Loss in the period in which the expenditure is incurred.

**अपमान्यता**

अमूर्त परिसंपत्तियों के निपटान से उत्पन्न लाभ या हानि का मापन निवल निपटान प्राप्तियों और परिसंपत्ति की वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में किया जाता है तथा परिसंपत्ति के निपटान के समय इन्हें लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**(ग) कर्मचारी हितलाभ**

कर्मचारियों को प्रदत्त कर्मचारी हितलाभों के संबंध में देयताओं के लिए प्रावधान निम्नानुसार किया जाता है:

**अल्पकालिक दायित्व**

- वेतन एवं मजदूरी, अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) सहित ऐसे गैर–नकद लाभों से संबंधित देयताएँ, जिनका निपटान उस अवधि के अंत के पश्चात 12 माह के भीतर पूर्णतः किए जाने की अपेक्षा होती है जिसमें कर्मचारियों ने संबंधित सेवाएँ प्रदान की हैं, रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवाओं के संबंध में मान्यता दी जाती हैं तथा उनका मापन उस अनुमानित राशि पर किया जाता है, जो देयताओं के निपटान के समय व्ययित होने की अपेक्षा है। इन देयताओं को स्टैंडअलोन तुलन पत्र में चालू कर्मचारी बकाया देय के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।
- कंपनी ने प्रतिपूरित अवकाश के संबंध में ऐसी नीति अपनाई है, जो संचयी तथा गैर–संचयी दोनों प्रकार की है। संचयी प्रतिपूरित अवकाश की अपेक्षित लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर एक स्वतंत्र अंकेक्षक द्वारा प्रक्षेपित इकाई ऋण पद्धति के आधार पर किए गए बीमांकिक मूल्यांकन से किया जाता है, जो तुलन पत्र तिथि तक संचित अप्रयुक्त अधिकारों के कारण अपेक्षित अतिरिक्त भुगतान/उपयोग की राशि पर आधारित होता है। गैर–संचयी प्रतिपूरित अवकाश पर होने वाला व्यय उस अवधि में मान्यता किया जाता है, जिसमें ऐसे अवकाश घटित होते हैं।
- अन्य अल्पकालिक हितलाभों के संबंध में व्यय की मान्यता उस अवधि के लिए देय या भुगतान की गई राशि के आधार पर की जाती है, जिसके दौरान कर्मचारी द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

**अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी हितलाभ दायित्व**

अवकाश नकदीकरण तथा प्रतिपूरित अवकाश से संबंधित वे देयताएँ, जिनका निपटान उस अवधि के अंत के पश्चात कंपनी के परिचालन चक्र के भीतर पूर्णतः होने की अपेक्षा नहीं है जिसमें कर्मचारियों ने संबंधित सेवाएँ प्रदान की हैं, उनका मापन प्रक्षेपित इकाई ऋण पद्ध ति का उपयोग करते हुए अपेक्षित भावी नकद बहिर्वाह के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है। इन लाभों को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में सरकारी बांडों की उस बाजार प्रतिफल दर का उपयोग करते हुए छूटित किया जाता है, जिनकी अवधि संबंधित दायित्व की अवधि के लगभग समकक्ष होती है। अनुभव समायोजनों तथा बीमांकिक मान्यताओं में परिवर्तन के परिणामस्वरूप होने वाले पुनर्मापन को लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**सेवानिवृत्ति उपरांत दायित्व**

**परिभाषित हितलाभ योजनाएँ**

कंपनी के पास कर्मचारियों के लिए परिभाषित हितलाभ योजनाएँ हैं, जिनमें ग्रेच्युटी तथा सेवानिवृत्ति उपरांत चिकित्सा लाभ शामिल हैं। ग्रेच्युटी योजनाओं के संबंध में कंपनी के वित्तीय विवरणों में मान्यता प्राप्त देयता अथवा परिसंपत्ति, रिपोर्टिंग अवधि के अंत में परिभाषित लाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य के बराबर होती है। परिभाषित लाभ दायित्व की गणना प्रत्येक वर्ष अंकेक्षकों द्वारा प्रक्षेपित इकाई ऋण पद्धति का उपयोग करते हुए की जाती है।

परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य, संबंधित दायित्व की अवधि के लगभग समकक्ष अवधि वाले सरकारी बांडों पर रिपोर्टिंग अवधि के अंत में उपलब्ध बाजार प्रतिफल दर के संदर्भ में, अनुमानित भावी नकद बहिर्वाहों को छूटित करके निर्धारित किया जाता है।

निवल ब्याज लागत की गणना परिभाषित हितलाभ दायित्व के निवल शेष पर छूट दर लागू करके की जाती है। इस लागत को लाभ एवं हानि विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के अंतर्गत शामिल किया जाता है।

अनुभव समायोजनों तथा बीमांकन मान्यताओं में परिवर्तनों से उत्पन्न पुनर्मापन लाभ एवं हानियों की मान्यता उस अवधि में की जाती है, जिसमें वे उत्पन्न होते हैं, और इन्हें प्रत्यक्ष रूप से अन्य समग्र आय में अभिलिखित किया जाता है। इन्हें इक्विटी में परिवर्तनों के विवरण में प्रतिधारित आय के अंतर्गत तथा कंपनी के वित्तीय विवरणों में सम्मिलित किया जाता है।

योजना संशोधनों अथवा कटौती के परिणामस्वरूप परिभाषित हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में होने वाले परिवर्तनों को पूर्व सेवा लागत के रूप में तत्काल लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

**परिभाषित अंशदान योजनाएँ**

कंपनी के पास सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ हेतु परिभाषित अंशदान योजनाएँ हैं, जिनमें कर्मचारी भविष्य निधि योजना शामिल है, जिसका प्रशासन भविष्य निधि आयुक्त के माध्यम से किया जाता है। कंपनी द्वारा इसमें किया गया अंशदान प्रत्येक वर्ष लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में अभिलिखित किया जाता है। अंशदान का भुगतान किए जाने के पश्चात कंपनी पर कोई अतिरिक्त भुगतान दायित्व शेष नहीं रहता है। राज्य स्तरीय योजनाओं, जैसे कर्मचारी राज्य बीमा निधि तथा कर्मचारी पेंशन योजना, में कंपनी के अंशदान को भी प्रत्येक वर्ष लाभ एवं हानि विवरण में व्यय के रूप में अभिलिखित किया जाता है।

**De-recognition**

Gains or losses arising from disposal of the intangible assets are measured as the difference between the net disposal proceeds and the carrying amount of the asset and are recognised in the Statement of Profit and Loss when the assets are disposed off.

**(c) Employee Benefits**

Liabilities in respect of employee benefits to employees are provided for as follows:

**Short-term obligations**

- Liabilities for wages and salaries, leave travel concession including non-monetary benefits that are expected to be settled wholly within 12 months after the end of the period in which the employees render the related service are recognized in respect of employees' services up to the end of the reporting period and are measured at the amounts expected to be incurred when the liabilities are settled. The liabilities are presented as current employee dues payable in the Standalone Balance Sheet.
- The Company has adopted a policy on compensated absences which are both accumulating and non-accumulating in nature. The expected cost of accumulating compensated absences is determined by actuarial valuation performed by an independent actuary at each balance sheet date using projected unit credit method on the additional amount expected to be paid /availed because of the unused entitlement that has accumulated at the balance sheet date. Expense on non-accumulating compensated absences is recognized in the period in which the absences occur.
- Expense in respect of other short-term benefits is recognized based on the amount paid or payable for the period during which services are rendered by the employee.

**Other long-term employee benefit obligations**

Liabilities for leave encashment and compensated absences which are not expected to be settled wholly within the operating cycle after the end of the period in which the employees render the related service are measured at the present value of the estimated future cash outflows which is expected to be paid using the projected unit credit method. The benefits are discounted using the market yields at the end of the reporting period on Government bonds that have terms approximating to the terms of the related obligation. Re-measurements as a result of experience adjustments and changes in actuarial assumptions are recognized in the Statement of profit or loss.

**Post-employment obligations**

**Defined benefit plans**

The Company has defined benefit plans namely gratuity and post-retirement medical benefits for employees. The liability or asset recognised in the Financial Statement of the Company in respect of gratuity plans is the present value of the defined benefit obligation at the end of the reporting period. The defined benefit obligation is calculated annually by actuaries using the projected unit credit method.

The present value of the defined benefit obligation is determined by discounting the estimated future cash outflows by reference to market yields at the end of the reporting period on government bonds that have terms approximating to the terms of the related obligation.

The net interest cost is calculated by applying the discount rate to the net balance of the defined benefit obligation. This cost is included in employee benefit expense in the Statement of profit or loss.

Re-measurement gains and losses arising from experience adjustments and changes in actuarial assumptions are recognised in the period in which they occur, directly in other comprehensive income. They are included in retained earnings in the statement of changes in equity and in the Financial Statement of the Company.

Changes in the present value of the defined benefit obligation resulting from plan amendments or curtailments are recognised immediately in the Statement of profit or loss as past service cost.

**Defined contribution plans**

The Company has defined contribution plans for post-employment benefit namely Employee Provident Fund Scheme administered through Provident Fund Commissioner and the Company's contribution thereto is charged to the statement of profit or loss every year. The Company has no further payment obligations once the contributions have been paid. The Company's contribution to State Plans namely Employees' State Insurance Fund and Employees' Pension Scheme are charged to the Statement of Profit and Loss every year.

**(घ) कराधान**

आयकर व्यय में चालू कर तथा आस्थगित कर का कुल योग शामिल होता है।

**चालू कर**

चालू कर वर्ष के करयोग्य लाभ पर आधारित होता है। करयोग्य लाभ, लाभ एवं हानि विवरण में प्रदर्शित 'कर पूर्व लाभ' से भिन्न होता है, क्योंकि इसमें ऐसे आय या व्यय मद शामिल होते हैं जो अन्य वर्षों में करयोग्य या कटौती योग्य होते हैं तथा ऐसे मद भी होते हैं जो कभी करयोग्य या कटौती योग्य नहीं होते। कंपनी का चालू कर उन कर दरों के आधार पर गणना किया जाता है, जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या सारतः अधिनियमित हो चुकी हों।

**आस्थगित कर**

आस्थगित कर की मान्यता वित्तीय विवरणों में परिसंपत्तियों एवं देयताओं की वहन राशि तथा करयोग्य लाभ की गणना में प्रयुक्त उनके कर–आधार के बीच अस्थायी अंतरों पर की जाती है। सभी करयोग्य अस्थायी अंतरों के लिए आस्थगित कर देयताओं की मान्यता की जाती है। सभी कटौती योग्य अस्थायी अंतरों तथा उपार्जित कर हानियों के लिए आस्थगित कर परिसंपत्तियों की मान्यता उस सीमा तक की जाती है, जहाँ यह संभावित हो कि ऐसे करयोग्य लाभ उपलब्ध होंगे, जिनके विरुद्ध इन कटौती योग्य अस्थायी अंतरों का उपयोग किया जा सके। ऐसी आस्थगित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं की मान्यता नहीं की जाती है, यदि अस्थायी अंतर किसी ऐसे लेन–देन में परिसंपत्तियों एवं देयताओं की प्रारंभिक मान्यता से उत्पन्न होता हो (व्यवसाय संयोजन को छोड़कर), जो न तो करयोग्य लाभ को प्रभावित करता है और न ही लेखांकन लाभ को।

आस्थगित कर परिसंपत्तियों की वहन राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है और उसे उस सीमा तक कम कर दिया जाता है, जहाँ यह संभावित नहीं रह जाता कि परिसंपत्ति के पूर्ण या आंशिक वसूली हेतु पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध होंगे।

आस्थगित कर देयताओं एवं परिसंपत्तियों का मापन उन कर दरों पर किया जाता है, जिनके उस अवधि में लागू होने की अपेक्षा होती है, जिसमें देयता का निपटान या परिसंपत्ति का साकार होना अपेक्षित है। यह मापन उन कर दरों (तथा कर कानूनों) पर आधारित होता है, जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या सारतः अधिनियमित हो चुके हों।

आस्थगित कर देयताओं एवं परिसंपत्तियों का मापन उन कर परिणामों को परिलक्षित करता है, जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में कंपनी द्व ारा अपनी परिसंपत्तियों एवं देयताओं की वहन राशि की वसूली या निपटान की अपेक्षित विधि से उत्पन्न होंगे।

चालू कर तथा आस्थगित कर की मान्यता लाभ एवं हानि विवरण में की जाती है, सिवाय उन मदों के जो अन्य समग्र आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता प्राप्त होते हैं; ऐसे मामलों में संबंधित आयकर को भी क्रमशः अन्य समग्र आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता दी जाती है।

**(ङ) विदेशी मुद्रा लेन–देन एवं रूपांतरण**

विदेशी मुद्रा में किए गए लेन–देन को क्रियात्मक मुद्रा में उस तिथि की विनिमय दर पर अभिलिखित किया जाता है, जो क्रियात्मक मुद्रा और विदेशी मुद्रा के बीच लेन–देन की तिथि पर प्रचलित होती है। तुलन पत्र तिथि पर बकाया विदेशी मुद्रा में मौद्रिक मदों को समापन दर का उपयोग करते हुए क्रियात्मक मुद्रा में रूपांतरित किया जाता है। विदेशी मुद्रा में अभिहित गैर–मौद्रिक मद, जिन्हें ऐतिहासिक लागत पर वहन किया जाता है, उन्हें लेन–देन की तिथि की विनिमय दर पर ही प्रदर्शित किया जाता है।

मौद्रिक मदों के निपटान पर अथवा प्रतिवेदन तिथि पर पुनर्मूल्यांकन के कारण उत्पन्न विनिमय अंतरों को, जो प्रारंभिक अभिलेखन की दरों से भिन्न दरों पर होते हैं, उस वर्ष के स्वतंत्र लाभ एवं हानि विवरण में मान्यता दी जाती है, जिसमें वे उत्पन्न होते हैं।

**(च) प्रति शेयर अर्जन**

**प्रति शेयर मूल अर्जन**

प्रति शेयर मूल अर्जन की गणना कंपनी के स्वामियों को संबद्ध लाभ को वित्तीय वर्ष के दौरान प्रचलित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

**प्रति शेयर तनुकृते अर्जन**

प्रति शेयर तनुकृते अर्जन, जहाँ लागू हो, संभावित अपकर्षित इक्विटी शेयरों से संबंधित ब्याज एवं अन्य वित्तपोषण लागतों के आयकर–पश्चात प्रभाव को सम्मिलित करते हुए तथा यह मानते हुए कि सभी तनुकृते संभावित इक्विटी शेयर परिवर्तित हो गए होते, उस स्थिति में प्रचलित अतिरिक्त इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या को ध्यान में रखकर मूल प्रति शेयर आय के निर्धारण में प्रयुक्त आँकड़ों में समायोजन करती है।

**(छ) नकद एवं नकद समतुल्य**

नकद में हस्तगत नकद तथा बैंकों में मांग जमा शामिल होते हैं। नकद समतुल्य वे अल्पकालिक शेषराशियाँ (अधिग्रहण की तिथि से तीन माह या उससे कम की मूल परिपक्वता वाली) होती हैं, जो अत्यधिक तरल निवेश हैं, जिन्हें ज्ञात राशि के नकद में शीघ्रता से परिवर्तित किया जा सकता है तथा जिनके मूल्य में परिवर्तन का जोखिम नगण्य होता है।

नकद प्रवाह विवरण में नकद एवं नकद समतुल्य में हाथ में उपलब्ध नकद, चेक तथा बैंक शेषराशियाँ शामिल होती हैं। बैंक ओवरड्राफ्ट को तुलन पत्र में चालू देयताओं के अंतर्गत उधार में दर्शाया जाता है तथा नकद प्रवाह विवरण में वित्तपोषण गतिविधियों का भाग माना जाता है। बुक ओवरड्राफ्ट को तुलन पत्र में अन्य वित्तीय देयताओं के अंतर्गत दर्शाया जाता है तथा नकद प्रवाह विवरण में परिचालन गतिविधियों का भाग माना जाता है।

**(d) Taxation**

Income tax expense represents the sum of the Current Tax and Deferred Tax.

**Current tax**

Current Tax is based on taxable profit for the year. Taxable profit differs from 'profit before tax' as reported in the Statement of Profit and Loss because of items of income or expense that are taxable or deductible in other years and items that are never taxable or deductible. The Company's current tax is calculated using tax rates that have been enacted or substantively enacted by the end of the reporting period.

**Deferred tax**

Deferred tax is recognized on temporary differences between the carrying amounts of assets and liabilities in the financial statements and the corresponding tax bases used in the computation of taxable profits. Deferred tax liabilities are recognised for all taxable temporary differences. Deferred tax assets are recognised for all deductible temporary differences and incurred tax losses to the extent that it is probable that taxable profits will be available against which those deductible temporary differences can be utilised. Such deferred tax assets and liabilities are not recognised if the temporary difference arises from the initial recognition (other than in a business combination) of assets and liabilities in a transaction that affects neither the taxable profit nor the accounting profit.

The carrying amount of deferred tax assets is reviewed at the end of each reporting period and reduced to the extent that it is no longer probable that sufficient taxable profits will be available to allow all or part of the asset to be recovered.

Deferred tax liabilities and assets are measured at the tax rates that are expected to apply in the period in which the liability is settled or the asset realized, based on tax rates (and tax laws) that have been enacted or substantively enacted by the end of the reporting period.

The measurement of deferred tax liabilities and assets reflects the tax consequences that would follow from the manner in which the Company expects, at the end of the reporting period, to recover or settle the carrying amount of its assets and liabilities.

Current and deferred tax are recognised in Statement of Profit and Loss, except when they relate to items that are recognized in other comprehensive income or directly in equity, in which case, the income taxes are also recognised in other comprehensive income or directly in equity respectively.

**(e) Foreign currencies transactions and translations**

Foreign currency transactions are recorded in the functional currency, by applying the exchange rate between the functional currency and the foreign currency at the date of the transaction. Foreign currency monetary items outstanding at the balance sheet date are converted to functional currency using the closing rate. Non-monetary items denominated in a foreign currency which are carried at historical cost are reported using the exchange rate at the date of the transactions.

Exchange differences arising on monetary items on settlement, or restatement as at reporting date, at rates different from those at which they were initially recorded, are recognized in the Standalone Statement of Profit and Loss in the year in which they arise.

**(f) Earning Per Share**

**Basic earnings per share**

Basic earnings per share is calculated by dividing the profit attributable to owners of the company by the weighted average number of equity shares outstanding during the financial year.

**Diluted earnings per share**

Diluted earnings per share adjusts the figures used in the determination of basic earnings per share to take into account the after-income tax effect of interest and other financing costs associated with dilutive potential equity shares, wherever applicable, and the weighted average number of additional equity shares that would have been outstanding assuming the conversion of all dilutive potential equity shares.

**(g) Cash and Cash equivalents**

Cash comprises cash in hand and demand deposits with banks. Cash equivalents are short-term balances (with an original maturity of three months or less from the date of acquisition), highly liquid investments that are readily convertible into known amounts of cash and which are subject to insignificant risk of changes in value.

In the cash flow statement, cash and cash equivalents includes cash in hand, cheques and balances with bank. Bank overdrafts are shown within borrowings in current liabilities in the balance sheet and forms part of financing activities in the cash flow statement. Book overdraft is shown within other financial liabilities in the balance sheet and forms part of operating activities in the cash flow statement.

**(ज) प्रावधान, संभावित देयताएँ एवं संभावित परिसंपत्तियाँ**

प्रावधान की मान्यता तब की जाती है, जब किसी पूर्व घटना के परिणामस्वरूप कंपनी पर वर्तमान वैधानिक अथवा संरचनात्मक दायित्व उत्पन्न हो, कंपनी से आर्थिक संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना हो तथा राशि का विश्वसनीय रूप से आकलन किया जा सके।

बहिर्वाह का समय या राशि अनिश्चित हो सकती है। प्रावधानों का मापन वर्तमान दायित्व के निपटान हेतु अपेक्षित अनुमानित व्यय के आधार पर किया जाता है, जो प्रतिवेदन तिथि पर उपलब्ध सर्वाधिक विश्वसनीय साक्ष्यों तथा वर्तमान दायित्व से संबंधित जोखिमों एवं अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया जाता है। जहाँ धन के समय मूल्य का प्रभाव महत्त्वपूर्ण हो, वहाँ प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य पर छूटित किया जाता है।

संभावित देयता का प्रकटीकरण निम्न स्थितियों में किया जाता है:

- ऐसे संभावित दायित्व, जिनकी पुष्टि केवल भविष्य की घटनाओं से होगी, जो पूर्णतः कंपनी के नियंत्रण में नहीं हैं; अथवा
- पूर्व घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान दायित्व, जिनके निपटान हेतु संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना नहीं है, या जिनकी राशि का विश्वसनीय अनुमान लगाना संभव नहीं है।

ऐसी स्थितियों में, जहाँ वर्तमान दायित्वों के परिणामस्वरूप आर्थिक संसाधनों के बहिर्वाह की संभावना अत्यंत कम या दूरस्थ मानी जाती है, कोई देयता न तो मान्यता प्राप्त की जाती है और न ही उसका प्रकटीकरण किया जाता है।

किसी दायित्व के संबंध में कंपनी द्वारा किसी तृतीय पक्ष (जैसे बीमा) से प्राप्त होने वाली प्रतिपूर्ति, जिसकी वसूली के प्रति कंपनी लगभग सुनिश्चित हो, उसे पृथक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है। तथापि, ऐसी परिसंपत्ति की राशि संबंधित प्रावधान की राशि से अधिक नहीं हो सकती।

आकस्मिक परिसंपत्तियों की मान्यता नहीं की जाती है। हालांकि, जब आर्थिक लाभों के प्रवाह की संभावना होती है, तब संबंधित परिसंपत्ति का प्रकटीकरण किया जाता है।

**(झ) लेखा नीतियों के अनुप्रयोग में प्रबंधन के महत्त्वपूर्ण निर्णय एवं अनुमान संबंधी अनिश्चितताएँ**

कंपनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को ऐसे निर्णय, अनुमान एवं मान्यताएँ करने की आवश्यकता होती है, जो राजस्व, व्यय, परिसंपत्तियों एवं देयताओं की अभिलिखित राशियों, उनसे संबंधित प्रकटीकरणों तथा आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण को प्रभावित करती हैं:

- **परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास संकेतकों का मूल्यांकन**

  परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास के संकेतकों की प्रासंगिकता के मूल्यांकन के लिए प्रबंधन को अनेक बाह्य एवं आंतरिक कारकों का आकलन करना पड़ता है, जो परिसंपत्तियों की वसूली योग्य राशि में कमी का कारण बन सकते हैं।

- **प्रावधान**

  प्रत्येक तुलन पत्र तिथि पर, प्रबंधन के निर्णय, तथ्यों में हुए परिवर्तनों तथा विधिक पहलुओं के आधार पर, कंपनी बकाया आकस्मिक देयताओं के विरुद्ध प्रावधानों की आवश्यकता का आकलन करती है। तथापि, वास्तविक भविष्य परिणाम इस निर्णय से भिन्न हो सकते हैं।

- **अवमूल्यन दरें/विधि**

  प्रबंधन प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर परिसंपत्तियों की अपेक्षित उपयोगिता के आधार पर अवमूल्यन दरों एवं विधि की समीक्षा करता है। इन अनुमानों में अनिश्चितताएँ तकनीकी तथा आर्थिक अप्रचलन से संबंधित होती हैं, जो परिसंपत्तियों की उपयोगिता को प्रभावित कर सकती हैं।

  यहाँ संलग्न समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार।

कृते **सेहगल मेहता एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
फर्म का पंजीकरण सं.: 003330N

हस्ता/–
**सीए विनय कुमार सहगल**
(साझेदार)
सदस्यता सं.: 080517

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25.07.2025

**कृते निदेशक मंडल की ओर से**
आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

हस्ता/–
**अश्वनी कुमार अग्रवाल**
(निदेशक एवं सीईओ)
सदस्यता सं.: 08828758

हस्ता/–
**पलाश श्रीवास्तव**
(अध्यक्ष एवं निदेशक)
डीआईएनः 02007911

**(h) Provisions, Contingent liabilities & Contingent Assets.**

Provisions are recognized when the Company has a present legal or constructive obligation as a result of a past event, it is probable that an outflow of economic resources will be required from the Company and amounts can be estimated reliably.

Timing or amount of the outflow may still be uncertain. Provisions are measured at the estimated expenditure required to settle the present obligation, based on the most reliable evidence available at the reporting date, including the risks and uncertainties associated with the present obligation. Provisions are discounted to their present values, where the time value of money is material.

A contingent liability is disclosed for:

- Possible obligations which will be confirmed only by future events not wholly within the control of the Company or
- Present obligations arising from past events where it is not probable that an outflow of resources will be required to settle the obligation or a reliable estimate of the amount of the obligation cannot be made.

In those cases, where the outflow of economic resources as a result of present obligations is considered improbable or remote, no liability is recognized or disclosure is made.

Any reimbursement that the Company can be virtually certain to collect from a third party concerning the obligation (such as from insurance) is recognized as a separate asset. However, this asset may not exceed the amount of the related provision.

**Contingent assets** are not recognized. However, when the inflow of economic benefits is probable, the related asset is disclosed.

**(i) Significant management judgement in applying accounting policies and estimation uncertainty**

The preparation of the Company's financial statements requires the management to make judgement, estimates and assumptions that affect the reported amounts of revenues, expenses, assets and liabilities, and the accompanying disclosures, and the disclosure of contingent liabilities:

- **Evaluation of indicators for impairment of assets**

  The evaluation of applicability of indicators of impairment of assets requires, the management to make an assessment of several external and internal factors which could result in deterioration of recoverable amount of the assets.

- **Provisions**

  At each balance sheet date basis the management judgment, changes in facts and legal aspects, the Company assesses the requirement of provisions against the outstanding contingent liabilities. However, the actual future outcome may be different from this judgement.

- **Depreciation rates / Method**

  Management reviews its depreciation rates / method at each reporting date, based on the expected utility of the assets. Uncertainties in these estimates relate to technical and economic obsolescence that may change the utility of assets.

As per our report of even date annexed

For **Sehgal Mehta & Co.**
Chartered Accountants
Firm's Registration No.: 003330N

Sd/-
**CA Vinay Kumar Sehgal**
(Partner)
Membership No.: 080517

Place: New Delhi
Date: 25.07.2025

**For and on behalf of the Board of Directors**
IIFCL Projects Limited

Sd/-
**Ashwani Kumar Agarwal**
(Director & CEO)
DIN: 08828758

Sd/-
**Palash Srivastava**
(Chairman & Director)
DIN: 02007911

कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा,
उद्योग एवं कॉर्पोरेट कार्य
ए.जी.सी.आर, भवन, आई.पी. एस्टेट,
नई दिल्ली–110 002

सत्यमेव जयते

**OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF AUDIT,
INDUSTRY AND CORPORATE AFFAIRS
A.G.C.R. BUILDING I.P. ESTATE,
NEW DELHI-110 002**

संख्या: एएमजी-II/3(4)/वार्षिक लेखा/
IPL (2024-25)/2025-26/206-207
दिनांक: 22 AUG 2025

सेवा में

अध्यक्ष एवं निदेशक,
आई आई एफ़ सी एल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड,
पांचवा तल, प्लेट- ए, एन बी सी सी टावर,
ब्लाक- 2, ईस्ट किदवई नगर,
नई दिल्ली-**110 023**

विषय: कंपनी अधिनियम **2013** की धारा **143(6) (b)** के अंतर्गत **31** मार्च **2025** को समाप्त वर्ष के लिए आई आई एफ़ सी एल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के वार्षिक लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

महोदय,

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6) (b) के अंतर्गत 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए आई आई एफ़ सी एल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के वार्षिक लेखों पर उपरोक्त विषय संबंधित संलगन पत्र अग्रेषित है।

भवदीय,

पवन
22/8/25
(डॉ पवन कुमार कोंडा)
ओ एस डी
(उद्योग एवं कारपोरेट कार्य)
नई दिल्ली

संलग्नक:- यथोपरि

दूरभाष / Phone : +91-11-23702357, फैक्स / Fax : +91-11-23702359, E-mail : pdalca@cag.gov.in

**COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6) (b) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE FINANCIAL STATEMENTS OF IIFCL PROJECTS LIMITED FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2025**

The preparation of financial statements of IIFCL Projects Limited for the year ended 31 March 2025 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the Company. The statutory auditor appointed by the Comptroller and Auditor General of India under Section 139(5) of the Act is responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 28 May 2025.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India have decided not to conduct the supplementary audit of the financial statements of IIFCL Projects Limited for the year ended 31 March 2025 under section 143(6)(a) of the Act.

**For and on behalf of the**
**Comptroller & Auditor General of India**

22/8/25

**(Dr. Pawan Kumar Konda)**
**O S D**
**(Industry & Corporate Affairs)**
**New Delhi**

**Place: New Delhi**
**Date:** 22 AUG 2025

# नोट्स

आई पी एल
I P L

# आई आई एफ सी एल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

आई.आई.एफ.सी.एल. (भारत सरकार का एक उपक्रम) के पूर्ण स्वामित्व वाली संबद्ध कंपनी)

# IIFCL PROJECTS LIMITED

(A Wholly Owned Subsidiary of IIFCL, A Government of India Enterprise)

**पंजीकृत कार्यालयः** 5वीं मंजिल, ब्लॉक 2, प्लेट ए और बी, एनबीसीसी टॉवर, पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

Regd. Office : 5th Floor, Block 2, Plate A & B, NBCC Tower, East Kidwai Nagar, New Delhi-110023

फोन / Phone : +91-11- 24655731

ई–मेल / E-mail : contact@iifclprojects.com, वेबसाइट / Website: www.iifclprojects.com